an>

Title: Need to declare Ahmednagar in Maharashtra as a tourist place of national importance and also provide funds for its all round development.

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) ः मेरा संसदीय क्षेत्र अहमदनगर, महाराष्ट्र राज्य का एक महत्वपूर्ण एवं क्षेत्रफल के अनुसार बड़ा जिला है। महाराष्ट्र तथा देश में अहमदनगर एक ऐतिहासिक दृष्टि से ख्याति प्राप्त जिला है। पर्यटन, भौगोलिक इकाई, रक्षा मंत्रालय के बड़े दफ्तर व आर्मी प्रशिक्षण तथा स्थायी कैम्प, देश की सबसे बड़ी शुगर इंडस्ट्री, प्राकृतिक सौन्दय की धरोहर आदि विभिन्न क्षेत्र में अहमदनगर जिला महाराष्ट्र के अन्य जिलों से भिन्न पहचान रखता है। भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा पर्यटन की दृष्टि से इस जिले को मुख्य मानचित्र पर लाने में आवश्यक कार्रवाई नहीं की जा रही है तथा स्थानीय शासन द्वारा भी इस विषय को जिले का राजस्व बढ़ाने की दिशा में उदासीन होने का समय-समय पर अनुभव किया गया है। जिले के अंतर्गत नगर के ऐतिहासिक किले में पंडित नेहरू, लौह पुरूष सरदार पटेल साहेब को अंग्रेजों ने कैद कर रखा था। धार्मिक दृष्टि से अवतार मेहर बाबा, शिर्डी के साई बाबा, शनिशिंगणापुर, मोहटा देवी, महान जैन संत आचार्य सम्राट आनंद ऋषि जी का तीर्थस्थान आदि यहां के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं। मुगल शासन काल में अहमदशाह निज़ाम ने यह शहर बसाया और उसकी यह राजधानी रही। यहां कई प्रवेश द्वारों के अवशेष दरवाजें आज भी शहर की शान हैं। मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूँ कि अहमदनगर जिले में अपार पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए इसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र में स्थापित करते हुए प्रमुख पर्यटन स्थल घोषित किया जाये तथा इसके सर्वांगीण विकास हेतु कार्य योजना तैयार करके बजट में इसके लिए आवश्यक धनराशि आवंटित की जाए यह हमारा सरकार से अनुरोध है।